सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-435
**12/10/2018**

# डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि आदर और श्रद्धा के साथ मनाई गई

पटना, 12 अक्टूबर 2018 :– समाजवादी आंदोलन के प्रणेता डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि आज आदर और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

राजकीय पुण्यतिथि समारोह का अयोजन कंकड़बाग स्थित लोहिया उद्यान, लोहिया नगर, पटना में किया गया, जहॉ राज्यपाल श्री लालजी टंडन, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री नन्द किशोर यादव, सांसद श्री रामनाथ ठाकुर, विधायक श्री श्याम रजक, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ0 ऊषा विद्यार्थी, पूर्व महासचिव बिहार राज्य नागरिक परिषद श्री अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह, डॉ0 कुमुद वर्मा सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा भी स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं देश भक्ति गीतों का गायन किया गया।

******